व्यक्तित्व का अर्थ एवं परिभाषा
(Meaning and Definition of Personality)

व्यक्तित्व क्या है? यह विवादग्रस्त प्रश्न है। विभिन्न विद्वानों एवं मनोवैज्ञानिकों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से व्यक्तित्व के अर्थ को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। 'व्यक्तित्व' शब्द अंग्रेजी भाषा के 'Personality' शब्द का पर्याय है। अंग्रेजी शब्द 'Personality' लैटिन भाषा के **पर्सोना** (Persona) शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है, बाहरी नकाब या वेशभूषा। इस प्रकार Personality की Personal शब्द से उत्पत्ति यह प्रकट करती है कि किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके बाह्य गुणों से मापा जाता है, परन्तु व्यक्तित्व का यह अर्थ एकांगी है। यद्यपि बाह्य गुणों का व्यक्ति के व्यक्तित्व में महत्त्वपूर्ण योगदान है किन्तु केवल बाह्य गुणों को ही व्यक्तित्व नहीं कहा जा सकता। व्यक्तित्व में उसके संवेग, आचार-विचार, सिद्धान्त, मनोवृत्ति, व्यवहार, क्रियाएँ, रुचियाँ, अभिरुचियाँ और बुद्धि सभी कुछ समाहित है। इस प्रकार व्यक्तित्व में व्यक्ति की आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार की क्रियाओं का संगठन सम्मिलित है। व्यक्तित्व को अनेक विद्वानों ने परिभाषित किया है। कुछ महत्त्वपूर्ण परिभाषायें निम्नलिखित हैं—

मोर्टन प्रिंस (Morton Prince)— *"व्यक्तित्व व्यक्ति की सभी जन्मजात तथा अर्जित प्रवृत्तियों, इच्छाओं और भावनाओं का संग्रह है।"*

"Personality is the sum-total of all the biological innate dispositions, impulses, tendencies, appetites and instincts of the individual and the dispositions and tendencies acquired by experience."

केम्फ (Kemph)— *"व्यक्तित्व आदत की उन व्यवस्थाओं का समन्वय है जो पर्यावरण के साथ व्यक्ति के विशिष्ट अभियोजन का प्रतिनधित्व करता है।"*

"Personality is the integration of those systems of habits that represent an individual's characteristics adjustments to his environment."

वारेन (Warren)— *"व्यक्तित्व व्यक्ति का समग्र मानसिक संगठन है जो उसके विकास की किसी भी अवस्था में होता है।"*

"Personality is the entire mental organisation of a human being at any stage of his development."

Scanned with CamScanner

काज एवं शैंक (Katz and Shanck)— *"व्यक्ति एक ऐसा प्रत्यय है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति की सभी विचारात्मक, संवेगात्मक और गत्यात्मक प्रतिक्रियाएँ तथा इन प्रतिक्रियाओं का संगठन सम्मिलित है।"*

"Personality is the concept under which we subscribe the individual's characteristics ideational emotional and motor reactions and the characteristics organisation of these responses."

मन (Munn)— *"व्यक्तित्व एक व्यक्ति के गठन, व्यवहार के तरीकों, रुचियों, दृष्टिकोणों, क्षमताओं, योग्यताओं और अभिक्षमताओं का सबसे विशिष्ट संगठन है।"*

"Personality may be defined as the most characteristic integration of individual's structures, modes of behaviour, interests, attitudes, capacities abilities and aptitudes."

ड्रेवर (Drever)— *"व्यक्तित्व शब्द का प्रयोग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, नैतिक और सामाजिक गुणों के समन्वय और गत्यात्मक संगठन के लिये किया जाता है, जिसे वह अन्य व्यक्तियों के साथ अपने सामाजिक जीवन के आदान-प्रदान में व्यक्त करता है।"*

"Personality is a term used for the integratic dynamic organization of the physical, mental, moral and social qualities of the individuals, as that manifest itself to other people in the give and take of social life."

ऑलपोर्ट (Allport)— *"व्यक्तित्व व्यक्ति के मनोदैहिक गुणों का वह गत्यात्मक संगठन है जो पर्यावरण के प्रति होने वाले उसके अपूर्व अभियोजनों का निर्धारण करता है।"*

"Personality is the dynamic organization within the individual of those psycho-physical systems that determine his unique adjustment to his environment."

Scanned with CamScanner